भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1715

उत्तर देने की तारीख 01.08.2022

इंक्यूबेशन केन्द्रों की स्थापना

1715# श्री सतीश चंद्र दूबेः

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पूरे देश के सभी राज्यों सहित बिहार राज्य में अभी तक कितने इंक्यूबेशन केंद्र स्थापित किए गए हैं;

(ख) इंक्यूबेशन केंद्र स्थापित करने की क्या प्रक्रिया है और तत्संबंधी लाभ क्या-क्या हैं; और

(ग) इंक्यूबेशन केंद्र, स्टार्ट-अप की किस प्रकार से मदद करते हैं; तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा)

(क): एमएसएमई मंत्रालय के अंतर्गत ''नवपरिवर्तन, ग्रामीण उद्योग और उद्यमिता संवर्धन स्कीम (एस्पायर)'' के अंतर्गत 124 व्यवसाय इंक्यूबेटर {आजीविका व्यवसाय इंक्यूबेटर (एलबीआई)-102 (बिहार में 3 सहित): तकनीकी व्यवसाय इंक्यूबेटर (टीबीआई-22)} स्वीकृत किए गए हैं। विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

''अटल इंक्यूबेशन मिशन (ऐम)'' के अंतर्गत नीति आयोग द्वारा अटल इंक्यूबेशन केन्द्र (एआईसी) नामक 69 विश्व स्तरीय इंक्यूबेटर (बिहार में 1 सहित) स्थापित किए गए हैं। विवरण अनुबंध-II में दिया गया है।

''नवपरिवर्तन विकास और दोहन हेतु राष्ट्रीय पहल (निधि)'' के अंतर्गत डीएसटी द्वारा 39 तकनीकी व्यवसाय इंक्यूबेटरों (टीबीआई) (बिहार में 1 सहित) को सहायता प्रदान की गई है। विवरण अनुबंध-III में दिया गया है।

(ख) और (ग): इंक्यूबेशन केन्द्रों को स्थापित करने की प्रक्रिया अनुबंध-IV में दी गई है। इंक्यूबेशन केन्द्र स्टार्टअप्स/एमएसएमई की सहायता के लिए कई सुविधायें प्रदान करते हैं जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ प्रौद्योगिकीय सुविधायें और सलाह, आरंभिक विकास निधि, नेटवर्क और संपर्क, सह-कार्य स्थान प्रयोगशाला सुविधायें, किफायती परामर्श और सलाह सहायता, कानूनी, वित्तीय, तकनीकी, बौद्धिक संपदा संबंधित सेवाओं इत्यादि जैसे स्टार्टअप्स के लिए मूल्यवर्धित सेवायें शामिल हैं।

*****

अनुबंध - I

दिनांक 01.08.2022 को उत्तर के लिए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1715 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-I

राज्य	एलबीआई	टीबीआई	राज्य	एलबीआई	टीबीआई
जम्मू और कश्मीर	1	-	पंजाब	-	-
उत्तर प्रदेश	9	2	हिमाचल प्रदेश	1	-
तमिलनाडु	5	1	मणिपुर	9	-
महाराष्ट्र	5	3	त्रिपुरा	-	-
कर्नाटक	2	2	नागालैंड	4	-
असम	4	1	मिजोरम	2	-
गुजरात	1	-	मेघालय	3	-
ओडिशा	8	1	लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र	-	-
मध्य प्रदेश	6	1	अंडमान निकोबार	-	-
बिहार	3	-	अरूणाचल प्रदेश	-	-
छत्तीसगढ़	2	-	दिल्ली	2	1
राजस्थान	10	4	गोवा	-	-
केरल	3	-	सिक्किम	1	-
उत्तराखंड	1	-	पुदुचेरी	1	-
हरियाणा	1	-	चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र	-	-
पश्चिम बंगाल	-	-	दादरा नगर हवेली	-	-
आंध्र प्रदेश	5	2	दमन और दीव	-	-
तेलंगाना	11	4	लक्षद्वीप	-	-
झारखंड	2	-	कुल	102	22

एस्पायर स्कीम के अंतर्गत व्यवसाय इंक्यूबेटरों का विवरण

अनुबंध - II

दिनांक 01.08.2022 को उत्तर के लिए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1715 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-II

अटल नवपरिवर्तन मिशन के अंतर्गत स्थापित अटल इंक्यूबेशन केन्द्र (एआईसी) का विवरण

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	**अटल इंक्यूबेशन केन्द्र एआईसी की संख्या**
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0
आंध्र प्रदेश	2
अरुणाचल प्रदेश	0
असम	2
बिहार	**1**
चंडीगढ़	0
छत्तीसगढ़	1
दादरा और नगर हवेली	0
दिल्ली	6
गोवा	1
गुजरात	6
हरियाणा	1
हिमाचल प्रदेश	0
जम्मू और कश्मीर	1
झारखंड	0
कर्नाटक	11
केरल	2
मध्य प्रदेश	4
महाराष्ट्र	7
मणिपुर	0
मेघालय	0
मिजोरम	0
नागालैंड	0
ओडिशा	2
पुदुचेरी	1
पंजाब	1
राजस्थान	4
सिक्किम	1
तमिलनाडु	6
तेलंगाना	5
त्रिपुरा	0
उत्तर प्रदेश	4
उत्तराखंड	0
पश्चिम बंगाल	0
लद्दाख	0
कुल	69

अनुबंध - III

दिनांक 01.08.2022 को उत्तर के लिए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1715 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-III

डीएसटी की निधि स्कीम के अंतर्गत प्रौद्योगिकी व्यवसाय इंक्यूबेटरों का विवरण

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	निधि टीबीआई
1	आंध्र प्रदेश	5
2	बिहार	1
3	छत्तीसगढ़	1
4	दिल्ली	3
5	गोवा	1
6	गुजरात	5
7	कर्नाटक	3
8	महाराष्ट्र	4
9	मिजोरम	1
10	ओडिशा	1
11	पंजाब	5
12	तमिलनाडु	3
13	तेलंगाना	3
14	उत्तर प्रदेश	1
15	उत्तराखंड	1
16	पश्चिम बंगाल	1
	कुल	39

अनुबंध-IV

दिनांक 01.08.2022 को उत्तर के लिए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1715 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-IV

1. एमएसएमई मंत्रालय की एस्पायर स्कीम के अंतर्गत एलबीआई की स्थापना की प्रक्रिया

   - भारत सरकार/राज्य सरकार की कोई एजेंसी/संस्थान या; भारत सरकार/राज्य सरकार के मंत्रालयों/विभागों, उद्योग संघों, शैक्षणिक संस्थाओं के अंतर्गत मौजूदा प्रशिक्षण केन्द्र।
   - सफलतापूर्वक इंक्यूबेशन क्रियान्वयन और/या कौशल विकास कार्यक्रमों में अनुभव के साथ कोई गैर-लाभकारी निजी संस्थान एलबीआई स्थापित करने के पात्र हो सकते हैं।

   उपर्युक्त प्रकार की एजेंसी/संस्थान एमएसएमई मंत्रालय की एस्पायर वेबसाइट https://aspire.msme.gov.in/ASPIRE/AFHome.aspx पर ऑनलाइन एस्पायर स्कीम के अंतर्गत आजीविका व्यवसाय इंक्यूबेटर (एलबीआई) के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

2. नीति आयोग की ऐम के अंतर्गत अटल इंक्यूबेशन केन्द्र की स्थापना की प्रक्रिया

   1. चरण 1: एआईसी स्थापित करने के लिए ऐम एक विज्ञापन जारी करता है।
   2. चरण 2: आवेदनों की जांच।
   3. चरण 3: जांच और चयन समिति के समक्ष चयनित आवेदकों द्वारा प्रस्तुतीकरण
   4. चरण 4: ऐम टीम द्वारा यथोचित परिश्रम
   5. चरण 5: यथोचित परिश्रम निकासी के अध्यधीन सहायता अनुदान का संवितरण

3. **डीएसटी की निधि स्कीम के अंतर्गत प्रौद्योगिकी व्यवसाय इंक्यूबेटरों** की स्थापना की प्रक्रिया

"प्रस्तावों हेतु आमंत्रण" के प्रति टीबीआई प्रस्ताव प्राप्त किए जाते हैं। प्रस्ताव मानक प्रस्ताव प्रारूप के अनुसार ऑनलाइन मोड में प्राप्त किए जाते हैं। कार्यक्रम विशेषज्ञ समिति द्वारा प्रस्तावों का मूल्यांकन किया जाता है। समिति द्वारा अनुशंसित प्रस्तावों पर विभाग से सहायता के लिए विचार किया जाता है। इंक्यूबेशन कार्यकलापों के प्रबंधन हेतु एक अलग गैर लाभकारी इकाई पंजीकृत की जानी अपेक्षित है। शैक्षणिक स्थापनाओं में स्टार्टअप इंक्यूबेटर नवपरिवर्तनशील विचारों की सहायता में और उन्हें व्यवसाय उपक्रमों में बदलने मदद करता है।